मोनरेको पुराछात्र लखनऊ ने होली मिलन का उत्सव मनाया

D N Verma
April 13, 2022: 44 | 1 minute read

लखनऊ : मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान के लखनऊ चैप्टर के अल्यूमनाइ द्वारा होलीमिलन के उत्सव का आयोजन जल निगम के सम्मेलन हाल में आयोजित किया जिसमें लगभग 100 से अधिक संख्या में पुराछात्रों ने भाग लिया। इसमें ई.उप्रेती, ई.दास व ई.जेके जोहरी, 1966 से 67 में उत्तीर्ण अभियांताओं ने भी बड़े उत्साह से भाग लिया। सर्वप्रथम नव-नियुक्त अध्यक्ष, भरत चंद्र राय, ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया और नव-निर्वाचित कार्यकारिणी का परिचय व स्वागत पुष्प-गुच्छ देकर किया। वरिष्ट उपाध्यक्ष, व कार्यक्रम का संचालन, ई. मंजीत सिह ने सभी का परिचय कराते हुये किया।

निरवर्तमान- अध्यक्ष प्रोफ. भरत राज सिंह ने अपने स्वागत-भाषण में पुरानी कार्य-कारिणी, आमंत्रित सद्स्यग़णो व सरक्षक सदस्यो का आभार व्यक्त करते हुये, स्वागत किया तथा कार्यकारिणी के महासचिव, प्रोफ. अशोक तिवारी, वरिष्ठ- उपाध्यक्ष डी.के.भंडारी, उपाध्यक्ष, अशुतोष श्रीवास्तव व ब्रिग. भरत पांडेय, तथा कोषाद्यक्ष, सुनित वर्धन, उप-सचिव, अभिषेक पांडेय व विमल-शुक्ल, सांस्कृतिक सचिव, रवींद्र गोएल तथा अन्य सम्मानित सदस्यगण, अजय रस्तोगी को उनके अथक प्रयासो हेतु साधुवाद दिया । इस समारोह मे लखनऊ चैप्टर के उपस्थित, पुर्व अध्यक्ष, सुनील गर्ग, अजय सिह, आर.डी.पाल आदि आदि समस्त सदस्यों व उनके परिवार का भी स्वागत किया।

यह भी अवगत कराया कि लखनऊ चैप्टर में पंजीकृत सदस्यों की संख्या 400 से अधिक है और सामाजिक व जलवायु प्रदूषण को रोकने हेतु पौधा रोपड़, सोलर लगवाने हेतु प्रचार आदि पर भी सक्रियता से कार्यकर महामारी जैसी स्थिति से लोगो को जागृत करे। इसके उपरांत सांस्कृतिक सचिव, रवींद्र गोएल द्वारा कार्यक्रम का बहुत अच्छे से संचालन कर गीत व संगीत का सुंदर सा महौल बनया गया। अध्यक्ष, भरत चंद्र राय महासचिव, प्रोफ. अशोक तिवारी, द्वारा संगीत प्रस्तुत करने वालो को मोमेंटो तथा सभी उपस्थित सदस्यों को पौध देकर सम्मानित किया गया और रात्रि-भोज के पहले महासचिव द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।